चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 18.8.26 | 3 | 1-4 |

सिटी एंकर

एचएयू एबिक सेंटर ने ढूंढ़ा प्लास्टिक डिस्पोजल का तोड़

# चाय-कॉफी पीकर बिस्किट की तरह चबा सकेंगे कप

## विश्व उद्यमिता दिवस पर 20 अगस्त को प्रदर्शनी में होंगे लॉन्च

भास्कर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर एबिक ने चाय-कॉफी में इस्तेमाल होने वाले डिस्पोजल कप का विकल्प तैयार किया है। पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में गुड़ और अनाज से ये विशेष रूप के एडिबल कप तैयार किए गए हैं। इनमें कॉफी, चाय या आइसक्रीम का सेवन करने के बाद कप को भी बिस्किट की तरह खाया जा सकेगा। इसके अलावा स्मार्ट प्लांट पॉट भी तैयार किए हैं। यह पॉट कम पानी में पौधों की तेज व बेहतर वृद्धि करने वाले विशेष तकनीक आधारित हैं।

एचएयू एबिक सेंटर में 20 अगस्त को विश्व उद्यमिता दिवस मनाया जाएगा। इसमें आयोजित प्रदर्शनी में पहली बार यह कप और पॉट लॉन्च किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज में लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में किसानों, विद्यार्थियों और युवाओं को नई तकनीकों को लाइव देखने और स्टार्टअप संस्थापकों से सीधे संवाद करने का मौका मिलेगा। शहर व आसपास के नागरिक इसमें पहुंचकर नए बिजनेस आइडियाज समझ सकते हैं।

## स्टार्टअप के लिए 10 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

एबिक के निदेशक डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि एबिक की ओर से नए कृषि स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं और उद्यमियों को तकनीकी मार्गदर्शन व फंडिंग सहयोग की जानकारी दी जाएगी। एबिक के नए स्टार्टअप इनक्यूबेशन प्रोग्राम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा यूनिवर्सिटी की वेबसाइट hau.ac.in या ऑनलाइन पोर्टल ccshau.accubate.app के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण

- **हेल्थ व न्यूट्रिशन प्रॉडक्ट्स :** मिलेट्स बेस्ड प्रॉडक्ट्स, माइक्रोग्रीन्स, वीगन बार, प्रोटीन पाउडर, शहद से बना सिरका और पंचगव्य उत्पाद।
- **हाई-टेक फार्मिंग :** आधुनिक कृषि ड्रोन तकनीक, पौध पोषण व जैविक उर्वरक उत्पाद और फूड प्रोसेसिंग व पल्प तैयार करने वाली मशीनरी।

## गुड़ व अनाज से बनेंगे कप

*"एबिक का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देना है। विश्व उद्यमिता दिवस पर चाय-कॉफी में इस्तेमाल होने वाले डिस्पोजल कपों की जगह गुड़ और अनाज से ये विशेष रूप के कप और कम पानी में पौधों की बढ़ोतरी करने वाले पॉट दर्शाए जाएंगे।" – **प्रो. बीआर काम्बोज,** कुलपति, एचएयू।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 18 · 8 · 26 | 3 | 3 |

## हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस पर सजेगा कृषि नवाचारों का मंच

हिसार, 17 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर 20 अगस्त को विशेष कार्यक्रम व स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

हकृवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि एबिक का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करना है। विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी 'नई सोच, नई तकनीक और नए उद्यम' को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदर्शनी में एबिक द्वारा समर्थित विभिन्न कृषि एवं कृषि-व्यवसाय आधारित स्टार्टअप अपने नवीन उत्पादों, आधुनिक तकनीकों और व्यावसायिक समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। किसानों, विद्यार्थियों, युवाओं, उद्यमियों तथा आम नागरिकों को एक ही स्थान पर कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन प्रयोगों और तकनीकी विकास को देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य एवं पोषण, जैविक खेती, कृषि मशीनरी, ड्रोन तकनीक और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों से जुड़े अनेक नवाचार भी देखने को मिलेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 18.8.26 | 5 | 1-4 |


# हकृवि में विश्व उद्यमिता दिवस पर सजेगा कृषि नवाचारों का मंच

## स्टार्टअप प्रदर्शनी में दिखेंगे अनूठे कृषि उत्पाद, ड्रोन तकनीक और पर्यावरण-अनुकूल नवाचार

हिसार, 17 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर 20 अगस्त 2026 को विशेष कार्यक्रम व स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। हकृवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि एबिक का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करना है। विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी 'नई सोच, नई तकनीक और नए उद्यम' को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदर्शनी में एबिक द्वारा समर्थित विभिन्न कृषि एवं कृषि-व्यवसाय आधारित स्टार्टअप अपने नवीन उत्पादों, आधुनिक तकनीकों और व्यावसायिक समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। किसानों, विद्यार्थियों, युवाओं; उद्यमियों तथा आम नागरिकों को एक ही स्थान पर कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन प्रयोगों और तकनीकी विकास को देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में कम पानी में पौधों की बेहतर एवं तेज वृद्धि के लिए विकसित विशेष तकनीक वाले पौधों के गमले आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा गुड़ एवं अनाज से तैयार खाने योग्य कप भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इन कपों में आइसक्रीम कॉफी अथवा अन्य खाद्य पदार्थों का सेवन करनें के बाद कप को भी बिस्किट की तरह खाया जा सकता है। यह नवाचार प्लास्टिक एवं अन्य डिस्पोजेबल कपों के पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में उपयोग हो रहा है। स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े उत्पादों में माइक्रोग्रीन्स, मिलेट आधारित उत्पाद, वेगन बार, प्रोटीन पाउडर, शहद से तैयार विनेगर, पंचगव्य आधारित उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। कृषकों के लिए पौध पोषण एवं उर्वरक संबंधी उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण एवं पल्प तैयार करने वाली मशीनरी तथा आंधुनिक कृषि ड्रोन तकनीक भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रदर्शनी में कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य एवं पोषण, जैविक खेती, कृषि मशीनरी, ड्रोन तकनीक और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों से जुड़े अनेक नवाचार भी देखने को मिलेंगे। एबिक की ओर से कृषि आधारित स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं एवं नए उद्यमियों के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। इच्छुक युवा अपने नए विचारों को स्टार्टअप का रूप देने तथा मौजूदा स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए एबिक से मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। एबिक द्वारा स्टार्टअप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। स्टार्टअप कार्यक्रम, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की वेबसाइट द्ध्द्दह.ड्डष्.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन द्धह्लह्लश्च-द्य://ष्द्यद्ध.ड्डद्ब.ड्डष्द्बड्डद्बह्द.ड्डश्चश्च/द्ग×ह्ल/द्धश्चह्ल्द/23995/1/ड्डश्चश्चद्य4 के माध्यम से कर सकते हैं। एबिक के निदेशक डॉ. राजेश गेरा ने हिसार एवं आसपास के क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों, युवाओं, उद्यमियों और आम नागरिकों से 20 अगस्त को प्रदर्शनी में पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी में आगंतुक न केवल नवीन उत्पादों एवं तकनीकों को देख सकेंगे, बल्कि संबंधित स्टार्टअप्स से सीधे बातचीत कर उनके उपयोग, लाभ और संभावित व्यावसायिक अवसरों की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 18.8.26 | 5 | 4-5 |

## एचएयू में 20 को सजेगा कृषि नवाचारों का मंच

### विश्व उद्यमिता दिवस पर स्टार्टअप प्रदर्शनी में दिखेंगे अनूठे कृषि उत्पाद

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) की ओर से विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर 20 अगस्त को विशेष कार्यक्रम और स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में एबिक से समर्थित विभिन्न कृषि एवं कृषि-व्यवसाय आधारित स्टार्टअप अपने नवीन उत्पाद, आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक समाधान प्रदर्शित करेंगे।

इसका उद्देश्य नई सोच, नई तकनीक और नए उद्यमों को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि प्रदर्शनी में कम पानी में पौधों की बेहतर और तेज वृद्धि के लिए विकसित विशेष तकनीक वाले पौधों के गमले आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

इसके अलावा गुड़ और अनाज से तैयार खाने योग्य कप भी प्रदर्शित किए जाएंगे। स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े उत्पादों में माइक्रोग्रीन्स, मिलेट आधारित उत्पाद, वेगन बार, प्रोटीन पाउडर, शहद से तैयार विनेगर और पंचगव्य आधारित उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। एबिक की ओर से कृषि आधारित स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं और नए उद्यमियों के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 18·8·26 | 12 | 3-6 |

रोजगार को बढ़ावा

विश्व उद्यमिता दिवस पर सजेगी स्टार्टअप प्रदर्शनी


## हकृवि में 20 अगस्त को दिखेगा कृषि नवाचारों का नया रूप

### खाने योग्य कप से लेकर ड्रोन तकनीक तक होंगे आकर्षण का केंद्र

- सुबह 9 से शाम 5 बजे तक लगेगी प्रदर्शनी में सजेगा हुनर का संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

खेती को आधुनिक तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एक और महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है। विश्वविद्यालय के एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) की ओर से विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर 20 अगस्त को विशेष कार्यक्रम एवं भव्य स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों, अनूठे




हिसार। हकृवि स्थित एबिक सेंटर।

उत्पादों और पर्यावरण-अनुकूल नवाचारों की झलक देखने को मिलेगी। हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि एबिक का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को केवल रोजगार तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विश्व उद्यमिता दिवस पर आयोजित यह आयोजन 'नई सोच, नई तकनीक और नए उद्यम' की अवधारणा को धरातल पर उतारने का प्रयास है। इसके माध्यम से कृषि क्षेत्र में संभावनाओं को पहचानने और उन्हें व्यावसायिक अवसरों में बदलने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

### खेत से बाजार तक नई सोच उभरेगी

स्टार्टअप प्रदर्शनी में एबिक से जुड़े विभिन्न कृषि एवं कृषि-व्यवसाय आधारित स्टार्टअप अपने नवीन उत्पादों, तकनीकों और व्यावसायिक समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। किसानों, विद्यार्थियों, युवाओं, उद्यमियों और आम नागरिकों को एक ही स्थान पर कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में कम पानी में पौधों की बेहतर और तेज वृद्धि के लिए विकसित विशेष तकनीक वाले पौधों के गमले खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे। वहीं गुड़ और अनाज से तैयार किए गए खाने योग्य कप भी लोगों का ध्यान खींचेंगे। इन कपों में आइसक्रीम, कॉफी या अन्य खाद्य पदार्थ लेने के बाद कप को भी बिस्किट की तरह खाया जा सकता है।

### मिलेगा मार्गदर्शन

प्रदर्शनी केवल उत्पादों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कृषि आधारित स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक युवाओं और नए उद्यमियों के लिए मार्गदर्शन का मंच भी बनेगी। एबिक की ओर से युवाओं को नए विचारों को व्यावसायिक रूप देने, स्टार्टअप शुरू करने का मार्गदर्शन मिलेगा।